සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது /All Rights Reserved]

පැරණි නිර්දේශය/பழைய பாடத்திட்டம்/Old Syllabus

OLD

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2019 අගෝස්තු
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2019 ஓகஸ்ற்
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, August 2019

හින්දි I
ஹிந்தி I
Hindi I

84 STE I

27.08.2019 / 1300 - 1500

පැය දෙකයි
இரண்டு மணித்தியாலம்
Two hours

විභාග අංකය
சுட்டெண்
Index No ......................................

උපදෙස් / அறிவுறுத்தல்கள் /Instructions:

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए योग्य सही उत्तर चुनकर उसकी संख्या दिये गये कोष्ठक में लिखिए।

පරීක්ෂකගේ ප්‍රයෝජනය සඳහා පමණි.
பரீட்சகரின் உபயோகத்திற்கு மாத்திரம்.
For Examiner's use only.

| පිටු අංකය<br>பக்க இல.<br>Page No. | ප්‍රශ්න අංක<br>வினா இல.<br>Question No. | ලකුණු<br>புள்ளிகள்<br>Marks |
|---|---|---|
| 02 | 01 - 10 | |
| 03 | 11 - 22 | |
| 04 | 23- 34 | |
| 05 | 35 - 45 | |
| 06 | 46 - 50 | |
| එකතුව / மொத்தம் / Total | | |

| | අත්සන<br>கையொப்பம்<br>Signature | සංකේත අංක<br>குறியீட்டெண்<br>Code Number |
|---|---|---|
| 1 වන පරීක්ෂකගේ<br>1 வது பரீட்சகரின்<br>1st Examiner's | | |
| 2 වන පරීක්ෂකගේ<br>2 வது பரீட்சகரின்<br>2nd Examiner's | | |
| අතිරේක / ප්‍රධාන පරීක්ෂකගේ<br>மேலதிக / பிரதான பரீட்சகரின்<br>Additional/Chief Examiner's | | |
| ගණිත පරීක්ෂකගේ<br>எண்கணிதப் பரீட்சகரின்<br>Arithmetic Checker's | | |
| ප්‍රධාන පරීක්ෂකගේ<br>பிரதான பரீட்சகரின்<br>Chief Examiner's | | |

[දෙවැනි පිටුව බලන්න./பக். 02 ஐப் பார்க்க/See page two

01. हिंदी भाषा की प्रमुख ............. उपभाषाएँ हैं।
(1) दस (2) पाँच (3) तीन (4) अठारह (5) चार (......)

02. मौखिक हिंदी में ............. स्वर का उच्चारण रि के समान किया जाता है।
(1) इ (2) ऐ (3) उ (4) औ (5) ऋ (......)

03. मानक वर्ण **शृ** में ............. वर्णों का संयुक्त रूप है।
(1) श् और ऋ (2) श् और र (3) श् और रु (4) श् और रि (5) श् और अ (......)

04. ............. इत्यादि व्यंजन अंत-खड़ीपाई व्यंजन नहीं हैं।
(1) स, न (2) ध, य (3) ज्ञ, झ (4) फ, र (5) श्र, व (......)

05. **ड** और **ड़** व्यंजनों का सही प्रयोग सहित शब्द युग्म क्रमशः ............. है।
(1) सुडौल, निड़र (2) पहाड, सुड़ौल (3) निडर, पहाड़
(4) पहाड, निड़र (5) निडर, सुड़ौल (......)

06. **अर्धानुस्वार** तथा **अनुस्वार** का सही प्रयोग सहित शब्द युग्म क्रमशः ............. है।
(1) पौंछ, मंत्र (2) मैं, में (3) आँख, ओंठ (4) यंत्र, मंत्र (5) मंत्र, पौंछ (......)

07. शुद्ध और मानक वर्तनी में लिखित सही शब्द पंक्ति ............. है।
(1) कन्या, इसलिये, श्रम (2) कन्या, इसलिए, श्रम (3) कन्या, इसलिए, श्रम
(4) कंया, इस्लिए, श्रम (5) कन्या, इस्लिए, शृम (......)

08. **बलवान, साहू, मामा** इन शब्दों के स्त्रीवाचक शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) बलवती, साहुआइन, मामी (2) बलवानी, साहुनी, मामी (3) बलवा, साहुन, मामी
(4) बलवती, साहुआइन, मौसी (5) बलवानी, साहुआइन, मामी (......)

09. **मुन्नी, महोदया, बंदरिया** इन शब्दों के पुरुषवाचक शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) मुन्ना, महोदयानी, बंदर (2) मुनि, महोदय, बंदरी (3) मुन्ना, महोदय, बंदर
(4) मुन्ना, महोदयी, बंदर (5) मुनि, महोदय, बंदर (......)

10. **टुकड़ा, रेखा, गति, साइकिल** इन शब्दों के बहुवचन शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) टुकड़ाएँ, रेखाएँ, गतियाँ, साइकिलें (2) टुकड़े, रेखाएँ, गतियाँ, साइकिलें
(3) टुकड़े, रेखे, गतियाँ, साइकिलें (4) टुकड़े, रेखाएँ, गति, साइकिले
(5) टुकड़े, रेखा, गति, साइकिलें (......)

Sri Lanka

[කුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 03 ஐப் பார்க்க/*See page three*

0925

11. **गुड़ियाँ, वकील, कुल्हाड़ियाँ, थाने** इन शब्दों के एकवचन शब्द क्रमशः ............. हैं।(......)
(1) गुड़िया, वकील, कुल्हाड़ी, थाना (2) गुड़ी, वकील, कुल्हाड़ी, थाना
(3) गुड़िया, वकील, कुल्हाड़ी, थान (4) गुड़िया, वकीलें, कुल्हाड़ि, थाना
(5) गुड़िया, वकीलें, कुल्हाड़ी, थान

12. शाला में उपस्थित लोगों ने हर्ष से ............. जय-जयकार किया?
(1) कौन (2) कहाँ (3) क्यों (4) क्या (5) किधर (......)

13. धम्मरतन भंते जी आजकल ............. गाँव में रहा करते हैं?
(1) कब (2) किन (3) कौन (4) किसका (5) किस (......)

14. ............. बार भी अशोक भैया परीक्षा से उत्तीर्ण नहीं हुआ।
(1) दूसरा (2) दूसरे (3) दूसरों (4) दूसरी (5) पहला (......)

15. ............. जानवरों ने यहाँ की संपत्तियों का विनाश किया है।
(1) ये (2) इस (3) इन (4) यह (5) उस (......)

16. बताइए कि ............. से हवा ठीक तरह नहीं निकलती?
(1) किस पंखा (2) किस पंखे (3) किन पंखा (4) किन पंखे (5) वह पंखे (......)

17. तुम ............. लड़के को मैंने कभी नहीं देखा।
(1) जैसा (2) जैसी (3) जैसे (4) जैसे का (5) जैसा का (......)

18. कोशल के राजा की ............. हमें पराजित कर सकती है।
(1) सेना को (2) सेना ने (3) सेनाओं (4) सेनाएँ (5) सेना (......)

19. ............. खेलने के लिए गुरु जी से अनुमति लेनी पड़ती है।
(1) बच्चों को (2) बच्चे (3) बच्चा को (4) बच्चा (5) बच्ची (......)

20. गायक मंच पर आते ही सभी ............. ने तालियाँ बजायीं।
(1) दर्शिका (2) दर्शक (3) दर्शिकों (4) दर्शिकाएँ (5) दर्शकों (......)

21. छात्रों ने फूल लाकर इस ............. में रख दिया।
(1) टोकरे (2) टोकरा (3) टोकरेओं (4) टोकराओं (5) टोकरयों (......)

22. ............. पर सुरेश की शादी होती है वहाँ एक सुंदर मंदिर है।
(1) जब (2) तब (3) जहाँ (4) ज्यों (5) जैसे (......)

23. ............. छात्र को कल बुखार था, वह आज स्कूल नहीं आया।
(1) जब (2) जो (3) जहाँ (4) जितना (5) जिस (......)

24. राजा ............. अनुमति से राजकुमारी का विवाह धूम-धाम से संपन्न हुआ।
(1) के (2) ने (3) का (4) की (5) को (......)

25. प्रचीन काल ............. केरल में महाबलि नाम के एक राजा राज्य करते थे।
(1) में (2) ने (3) का (4) को (5) पर (......)

26. पड़ोस के लोग उस स्त्री की ओर घृणा ............. देखने लगे।
(1) को (2) पर (3) में (4) से (5) की (......)

27. छात्रों ............. गुरु जी की बात पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया।
(1) में (2) ने (3) को (4) से (5) का (......)

28. बच्ची, दादिमा ............. छड़ी टेक-टेककर चलती है।
(1) की तरह (2) के लिए (3) के बदले (4) के प्रति (5) के ऊपर (......)

29. ईद के दिन मुसलमान सूरज निकलने ............. नमाज़ पढ़ते हैं।
(1) के लिए (2) के समान (3) के बाद (4) के नीचे (5) के रूप में (......)

30. रमेश हिंदी ............. हिंदी साहित्यकार बनना चाहता है।
(1) पढ़ता (2) पढ़कर (3) पढ़नेवाली (4) पढ़ते हुई (5) पढ़ना (......)

31. पुलिस ............. चोर सामान छोड़कर भाग जाने लगा।
(1) पहुँचते हुए (2) पहुँचकर (3) पहुँचनेवाला (4) पहुँचे (5) पहुँचते ही (......)

32. **14, 23, 96** इन पूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) चौदह, तेईस, छियानवे (2) चौदह, तेबीस, छियानवे (3) चौदह, तेईस, छप्पन
(4) चौराह, तेईस, छियानवे (5) चौराह, तेईस, छप्पन (......)

33. $2\frac{1}{2}$, $3\frac{1}{4}$ इन अपूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) ढाई, तीन पाव (2) डेढ़, सवा तीन (3) ढाई, सवा तीन
(4) आधा, सवा तीन (5) ढाई, तीन सवा (......)

34. **घड़ी का समय 4.45 है।** यह हिंदी शब्दों में ............. है।
(1) पौने पाँच बजे (2) चार पैंतालिस बजे (3) चार सवा बजे
(4) पाँच पौने बजे (5) पाँच पौने (......)

[පස්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 5 ஐப் பார்க்க/*See page five*

35. **शंका, निधन, खोपड़ी, जाड़ा** इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) संदेश, मरण, सिर, सर्दी (2) संदेह, मरण, सिर, सर्दी (3) संदेह, मरण, सिर, सदी
(4) संदेह, रुपये, सिर, सर्दी (5) संदेह, रुपये, सिर, सदी (......)

36. **आगे, अधिक, दिन, काला** इन शब्दों के विलोम शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) पीछे, छोटा, रात, नीला (2) बाद, न्यून, रात, सफेद (3) पीछे, न्यून, अँधेरा, सफेद
(4) पीछे, न्यून, रात, सफेद (5) बाद, न्यून, सुबह, सफेद (......)

37. **जो कानून के विरुद्ध हो।** इन अनेक शब्दों के स्थान पर योग्य एक शब्द ............. है।
(1) कानूनी (2) अवैध (3) वैध (4) नियम (5) अधर्म (......)

38. **जो कभी मरता न हो।** इन अनेक शब्दों के स्थान पर योग्य एक शब्द ............. है।
(1) आमरण (2) सजीव (3) जीवित (4) मरण (5) अमर (......)

39. **नौ दो ग्यारह होना।** इस मुहावरे का अर्थ ............. है।
(1) भाग जाना (2) डर जाना (3)अजीब होना (4) गिनना (5) विचलित होना
(......)

40. **कान पर जूँ न रेंगना।** इस मुहावरे का अर्थ ............. है।
(1) कान भरना (2) कान में जूँ डालना (3) ध्यान देना (......)
(4) बात सुनना (5) बात सुनकर भी ध्यान न देना

41. हिंदी साहित्य का **भारतेंदु युग** करीब ........... ई० से आरंभ होता है।
(1) 1850 (2) 1857 (3) 1800 (4) 1836 (5) 1825 (......)

42. **बदरीनारायण चौधरी** ........... युग के प्रतिनिधि कवि थे।
(1) द्विवेदी (2) भारतेंदु (3) छायावादी (4) प्रगतिवादी (5) छायावादोत्तर
(......)

43. **यशोधरा** काव्य की रचना ........... ने की है।
(1) अंबिकादत्त व्यास (2) नाथूराम शर्मा (3) मैथिलीशरण गुप्त
(4) महादेवी वर्मा (5) प्रेमचंद (......)

44. ........... जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध काव्य रचना है।
(1) मिलन (2) आँसू (3) पंचवटी (4) परिमल (5) नीरजा (......)

45. ........... **गबन** उपन्यास का रचयिता है।
(1) यशपाल (2) धर्मवीर भारती (3) सुदर्शन (4) प्रेमचंद (5) दिनकर (......)

**कोष्ठक में दिये गये निर्देश के अनुसार सही उत्तर चुनिए।**

46. राजू रमेश को कक्षा में वयलिन बजाते हुए............ । ***(समापक भूत काल)***
(1) देखा चुका (2) देख चुका (3) देख चुकी (4) देखे (5) देख चुके
(......)

47. महापुरुष विपत्ति में भी तनिक भी नहीं ............। ***(आसन्न भूत काल)***
(1) बदले हैं (2) बदली हैं (3) बदली थीं (4) बदले थे (5) बदले (......)

48 गरीबों के परिश्रम से धनियों का घर ............। ***(सामान्य वर्तमान काल)***
(1) भरते (2) भरता (3) भरते हैं (4) भरता है (5) भरता था
(......)

49. राकेश मिठाई दिखाकर रमेश को ............। ***(संदेहात्मक वर्तमान काल)***
(1) ललचाता होगा (2) ललचाता रहेगा (3) ललचाता होता
(4) ललचाता रहा है (5) ललचाता है (......)

50. गाय सींग से अपना बदन ..............। ***(सामान्य भविष्य काल)***
(1) खुजलाएगा (2) खुजलाएगी (3) खुजलेगा (4) खुजलेंगी (5) खुजलाओगी
(......)

* * *

සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது /All Rights Reserved]

පැරණි නිර්දේශය/பழைய பாடத்திட்டம்/Old Syllabus

OLD

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2019 අගෝස්තු
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2019 ஓகஸ்ற்
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, August 2019

හින්දි II
ஹிந்தி II
Hindi II

84 STE II

30.08.2019 / 1400 – 1710

පැය තුනයි
மூன்று மணித்தியாலம்
Three hours

අමතර කියවීම් කාලය - මිනිත්තු 10 යි
மேலதிக வாசிப்பு நேரம் - 10 நிமிடங்கள்
Additional Reading Time - 10 minutes

අමතර කියවීම් කාලය ප්‍රශ්න පත්‍රය කියවා ප්‍රශ්න තෝරා ගැනීමටත් පිළිතුරු ලිවීමේදී ප්‍රමුඛත්වය දෙන ප්‍රශ්න සංවිධානය කර ගැනීමටත් යොදාගන්න.
வினாப்பத்திரத்தை வாசித்து, வினாக்களைத் தெரிவுசெய்வதற்கும் விடை எழுதும்போது முன்னுரிமை வழங்கும் வினாக்களை ஒழுங்கமைத்துக் கொள்வதற்கும் மேலதிக வாசிப்பு நேரத்தைப் பயன்படுத்துக.
**Use additional reading time to go through the question paper, select the questions and decide on the questions that you give priority in answering.**

**केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। भाग I के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग II तथा भाग III में से एक-एक प्रश्न को चुनना अनिवार्य है।**

## भाग I

01. (क) निम्नलिखित अवतरणों में से **किसी एक** का सिंहली / तमिल / अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए। (15 अंक)

(i) भारत अनेक त्यौहारों का देश हैं। भारतवासी नित्य नया त्यौहार मनाते रहते हैं। कुछ त्यौहार राष्ट्रीय हैं, जैसे स्वतंत्रता दिवस अर्थात 15 अगस्त, गणतंत्र दिवस अर्थात 26 जनवरी तथा गांधी जयंती अर्थात 2 अक्टूबर। कुछ धार्मिक त्यौहार सम्पूर्ण भारत में मनाये जाते हैं, जैसे दीवाली, दशहरा, ईद, क्रिसमस आदि। कुछ त्यौहार प्रांतीय-अर्थात एक प्रांत विशेष में मुख्यत: मनाये जानेवाले भी होते हैं, जैसे - वैशाखी पंजाब का प्रमुख त्यौहार है तो दुर्गापूजा बंगाल का, गणेश चतुर्थी महाराष्ट्र का है तो ओणम दक्षिण भारत के केरल प्रदेश का विशेष एवं मुख्य त्यौहार है। ओणम का त्यौहार केरलवासियों के लिए सचमुच प्रसन्नता का पर्व है। आबाल-वृद्ध-स्त्री-पुरुष बड़ी उत्सुक्ता से ओणम की प्रतीक्षा करते हैं। ओणम के दिनों में केरल में संगीत, नृत्य और क्रीड़ा का आनंदपूर्ण वातावरण चारों ओर छाया रहता है। प्रत्येक त्यौहार की तरह इस त्यौहार से भी एक पौराणिक कथा सम्बद्ध है।

(ii) सरदी के दिन थे। रोहिणी स्नान करके अपने मकान की छत पर चढ़कर केश-राशि सुखा रही थी। इसी समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा- ''बच्चों को बहलानेवाला, मिठाईवाला!''

मिठाईवाले का स्वर उसके लिए परिचित था, झट से रोहिणी नीचे उतर आयी। उस समय उसके पति मकान में नहीं थे। हाँ, उसकी वृद्धा दादी थीं। रोहिणी उनके निकट आकर बोली- ''दादी, चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। ज़रा कमरे में चलकर ठहराओ तो। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो। ज़रा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी। ''

दादी उठकर कमरे में आकर बोली- ''ए, मिठाईवाले, इधर आना! ''

**(ख)** निम्नलिखित अवतरण का **हिंदी में** अनुवाद कीजिए। (20 अंक)

දිනක් මහළු මිනිසෙක් පාර අයිනේ අඹ පැළයක් සිටවමින් සිටියේ ය. ඔහුගේ අත පය ද වෙව්ලමින් තිබුණි. එවිට ම එම රටේ රජ්ජුරුවෝ එතැනට පැමිණියේ ය. මහළු මිනිසා අඹ පැළය සිටුවමින් සිටිනු දුටු රජ්ජුරුවෝ මෙසේ කීහ. "මේ වයසේදී ඇයි ඔබ අඹ පැළයක් සිටවන්නේ? දැන් ඔබ පසුවන්නේ ඉතා මහළු වයසකයි. මෙම ගසේ එල ඔබට කා හැකි ද?" රජුගේ කතාව අසා මහළු මිනිසා සිනාසුණේ ය. මහළු මිනිසා රජු හට මෙසේ පැවසී ය. "රජතුමනි, මගේ තාත්තලා, සීයලා සිටවපු පැළවලින් අද මම එල භුක්ති විඳිනවා, අද මම පැළ කරන පැළවලින් යම් දවසක මගේ මුණුබුරු, මිණිබිරියන් එල භුක්ති විඳීවි"

ஒரு நாள் முதியவர் ஒருவர் வீதியோரத்தில் மாங்கன்று ஒன்றை நட்டுக் கொண்டிருந்தார். அவரது கை, கால்கள் நடுங்கிக்கொண்டிருந்தன. அப்போது அவ்விடத்திற்கு அந்நாட்டு மன்னர் வந்தார். வயோதிபர் மாங்கன்றை நடுவதைக் கண்டு, "இந்த வயதில் நீங்கள் ஏன் மாங்கன்று நடுகின்றீர்கள்? இப்போது நீங்கள் மிக வயோதிப பருவத்தில் இருக்கின்றீர்கள். இதன் பயனை உங்களால் நுகர முடியுமா?" என மன்னர் கூறியதைக் கேட்டு வயோதிபர் சிரித்தார். "மன்னரே, நமது அப்பாமார், தாத்தாமார் நட்ட கன்றுகளின் மூலம் நாம் இன்று பயனை அனுபவிக்கின்றோம். இன்று நான் நடுகின்ற கன்றுகளின் மூலம் ஒரு நாள் எனது பேரப்பிள்ளைகள் பயனை அனுபவிப்பர்." என்று அம்முதியவர் மன்னரிடம் கூறினார்.

One day an old man was planting a Mango sapling. His limbs were trembling. Just then, the King of the country came there. The King who saw the old man planting the tree saying thus "Why do you plant a tree at this age? You are at very old age now. Will you be able to eat the fruits of this tree?" Hearing this, the old man laughed. The old man told the king, "I eat the fruits of the trees planted by my grand parents. One day my grand children will eat the fruits of the trees that I am planting."

**02.** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों का निबंध लिखिए। (20 अंक)

(i) दूरदर्शन तथा छात्र (ii) मादक द्रव्य-व्यसनी

(iii) तकनीक की उपयोगिता (iv) स्कूलों का अध्यापन

[තුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 3 ஐப் பார்க்க/*See page three*

Sri Lanka

VISIT: Past Papers WiKi - Most Extensive Wikipedia of Past Papers

**03.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के **हिंदी में** उत्तर दीजिए।

कोयला, तेल, लोहा आदि चीज़ें ज़मीन को खोदकर निकाली जाती हैं, इसलिए इन्हें खनिज कहते हैं। खनिज तेल को 'कच्चा तेल' अथवा 'पेट्रोलियम' भी कहते हैं। खनिज तेल से सैकड़ों किस्म की उपयोगी चीज़ें बनती हैं - केरोसीन, पेट्रोल, डीज़ल प्लास्टिक की चीज़ें, टैरीन तथा नायलन जैसे धागे, कृत्रिम खाद, नाना प्रकार की दवाएँ, इत्यादि।

डीज़ल से बसें ट्रैक्टर और रेल-इंजन चलते हैं। पेट्रोल से कारें और जीपें चलती हैं। केरोसीन का इस्तेमाल लैम्प और स्टोव में ही नहीं, जेट विमानों में भी होता है। तेल से बड़े पैमानों पर बिजली भी पैदा की जाती है। खनिज तेल आज के युग का एक प्रमुख शक्ति-साधन है। इसलिए खनिज तेल को कभी-कभी 'काला सोना' भी कहते हैं।

आज खनिज तेल के बिना हमारा निर्वाह नहीं हो सकता। केरोसीन या पेट्रोल न मिले तो हाहाकार मच जाता है। पर आज से क़रीब सौ ही साल पहले बहुत थोड़े लोगों को मिट्टी के तेल की जानकारी थी। कहीं-कहीं पर धरती के नीचे जमा हुआ तेल फव्वारों अथवा सोतों के रूप में बाहर निकलता है। इसलिए प्राचीन काल के कुछ लोगों को भी मिट्टी के तेल की जानकारी थी।

पता चलता है कि सबसे पहले कैस्पियन सागर तट के बाकू क्षेत्र में तेल के कुएँ खोदे गये थे। हमारे देश के लोगों को बाकू के तेल की जानकारी थी। हमारे देश के पुराने ग्रंथों में मिट्टी के तेल को 'पारसीक तेल' अथवा 'तुरुष्कतेल' कहा गया है।

(i) खनिज तेल किसे कहते हैं? (02 अंक)

(ii) खनिज तेल के लिए और क्या-क्या नाम व्यवहार किये जाते हैं? (02 अंक)

(iii) खनिज तेल से क्या चीज़ें बनती हैं? (02 अंक)

(iv) डीज़ल से क्या चलते हैं और पेट्रोल से क्या चलती हैं? (02 अंक)

(v) मिट्टी के तेल की जानकारी कब से थी? (02 अंक)

(vi) सबसे पहले किस देश में तेल का कुआँ खोदा गया था? (02 अंक)

(vii) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (03 अंक)
*(उक्त गद्यांश में प्रयुक्त वाक्यों का प्रयोग मत कीजिए।)*

(अ) जानकारी (आ) इस्तेमाल

[හතරවැනි පිටුව බලන්න./பக். 4 ஐப் பார்க்க/See page four

VISIT: Past Papers WiKi - Most Extensive Wikipedia of Past Papers

## भाग II

04. निम्नलिखित वाक्य खंडों के आधार पर लगभग 75 शब्दों की **कहानी हिंदी में** लिखिए। (15 अंक)

कछुए की गति धीमी। .......... हँसी उड़ना। ..........कछुए की दौड़ का निर्णय करने की चुनौती को खरगोश ने स्वीकार किया .......... नियत समय पर दौड़ शुरू ........... खरगोश तेज़ भागा ...........बहुत आगे ...........सो गया ..........निरंतर भागता कछुआ लक्ष्य पर पहले पहुँचा।

05. वैशाख पूर्णिमा के दिन का वर्णन करते हुए किसी भारतीय मित्र के नाम पत्र लिखिए। (15 अंक)

## भाग III

06. (क) कोष्ठक में दिये प्रश्नों के अनुसार निम्नलिखित अवतरणों का संदर्भ लिखिए।
*(किस रचयिता के किस पाठ से उद्धृत है? किसने; किससे; क्यों कहा है?)* (15 अंक)

(i) "जिस दिन से इसने मेरे यहाँ पाँव रखा है, मैंने जिस काम में हाथ लगाया, उसमें लाभ ही हुआ है। अगर इसे कुछ हो गया, तो मैं कहीं का नहीं रहूँगा"

(ii) "इस समय! अब तो दिन का कार्य समाप्त हो गया। किसी से भेंट करने का समय नहीं है।"

(iii) "पहले मारा था, तभी तो मेरे शरण में आया है। बिना मारे यह मेरी शरण में कैसे आता"

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (15 अंक)

**चिंता रहित खेलना-खाना,**
**वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।**
**कैसे भूला जा सकता है,**
**बचपन का अतुलित आनंद**

**किये दूध के कुल्ले मैंने,**
**चूस अंगूठा सुधा पिया।**
**किलकारी-कल्लोल मचाकर,**
**सूना घर आबाद किया।**

07.(क) द्विवेदी युग का परिचय देते हुए उस युग की विशेषताओं को बताइए। (15 अंक)
*(उत्तर सिंहली/अंग्रेज़ी/हिंदी में दिया जा सकता है)*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित साहित्यकारों में से **किन्हीं दो** के व्यक्तित्व तथा उनकी साहित्यिक सेवाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (15 अंक)

(i) भगवतीचरण वर्मा (ii) हरिवंशराय बच्चन (iii) महावीरप्रसाद द्विवेदी

PAST PAPERS WIKI
WWW.PastPapers.WIKI
VISIT: Past Papers WiKi - Most Extensive Wikipedia of Past Papers
Sri Lanka